Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, website: www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करें, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष-२६ अंक-१६ इलाहाबाद रेल समाचार ब्यूरो ०१-१५ अक्टूबर २०१८ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र

## चिकित्सा एक उत्कृ ष्ट पेशा: उपराष्ट्रपति



प.सू.का/नई दिल्ली।उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने जयपुर में दिनांक २६.०६.२०१८ को होम्योपैथी विश्वविद्यालय समारोह में कहा है कि चिकित्सा एक उत्कृ ष्ट पेशा है। उपराष्ट्रपति यहां पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह में राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री काली चरण सर्राफ, राजस्थान से सांसद और होम्योपैथी विश्वविद्यालय के प्रायोजन सोसायटी के अध्यक्ष डा.मनोज राजोरिया और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मंहगी स्वास्थ्य सेवाएं एक गंभीर सामाजिक समस्या है और आयुष्मान भारत योजना समाज के गरीब तथा जरूरतमंद वर्गों के लिए सही मायनों में वरदान साबित होगी।उपराष्ट्रपति ने सही विनिर्माण प्रथाओं का पालन करने के लिए दवा निर्माताओं को मजबूती से गुणवत्ता को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।


## ७६ प्रतिशत तक पहुंचा भारतीय रेल का समयपालन

### १०० फीसदी समयपालन के साथ रांची डिवीजन प्रथम स्थान पर, वहीं इलाहाबाद डिवीजन रहा फिसड्डी

रे.स.ब्यू./संवा.इलाहाबाद। रेलवे बोर्ड की सख्ती के बाद मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के समयपालन में सुधार होना शुरू हो गया है। इस क्रम में भारतीय रेल का रांची डिवीजन का रिकॉर्ड १०० फीसदी समयपालन के साथ प्रथम स्थान पर रहा। जबकि इलाहबाद डिवीजन सबसे फिसड्डी साबित हुआ। इलाहाबाद डिवीजन में ६० प्रतिशत ट्रेनें विलंब से चल रही हैं और महज ४० ट्रेनें समयपालन पर खरी उतर रही हैं। भारतीय रेल का समयपालन ७६ प्रतिशत तक पहुंच चुका है। रेलवे बोर्ड ने अपने नए टाइम टेबल में मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों का समयपालन ६५ फीसदी करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत भारतीय रेल के सभी ६८ डिवीजन के समयपालन की निगरानी की जा रही है। इसमें डाटा तैयार किया जा रहा है कि किस डिवीजन में समयपालन के मामले में मेल-एक्सप्रेस ट्रेनें पिट रही हैं। ट्रेन के लेट होने पर लोको पॉयलट, गार्ड सहित स्टेशन मैनेजर व कंट्रोल रूम के कर्मियों की जवाबदेही तय की जाती है। जहां बिना किसी तकनीकी कारण के ट्रेन लेट होती है, ऐसी स्थिति में कर्मियों पर कार्रवाई की जाती है। रेलवे बोर्ड की सख्ती का नतीजा है कि पिछले दिनों की भारतीय रेल में मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों का समयपालन ७० फीसदी से बढ़कर ७६ पहुंच गया है। जबकि दो माह पूर्व यह ६० प्रतिशत से नीचे था। पिछले दिनों १७ से २३ सितंबर के रेलवे के दस्तावेजों के अनुसार रांची डिवीजन से गुजरने वाली ट्रेनों का समयपालन १०० फीसदी रहा है। जबकि धनबाद, दानापुर सहित २१ डिवीजन में ट्रेनों का समयपालन ६० फीसदी से अधिक है।

## इतिहास बनेंगी गरीब रथ और डबल डेकर ?


रे.स.ब्यू./सू. गोरखपुर। गरीब रथ और डबल डेकर जैसी ट्रेनों के संचालन को लेकर अब संकट के बादल मंडराने लगे हैं। क्योंकि अब भारतीय रेल में परंपरागत कोचों की जगह सिर्फ लिंक हाफमैन बुश (एलएचबी) कोचों का ही निर्माण हो रहा है। भविष्य में ये ट्रेनें या तो इतिहास बन जाएंगी या एलएचबी कोचों से चलाई जाएंगी परन्तु खर्चिली होने के कारण एलएचबी कोचों वाली ट्रेनों का सफर गरीबों के लिए भारी पड़ सकता है। पूर्व की तरह उन्हें गरीब रथ वाली रियायत और सुविधा नहीं मिल पाएगी। ऐसे में जहां गरीब रथ और डबल डेकर ट्रेनों के कोचों की आयु २५ वर्ष में समाप्त हो जाएगी तो उनकी जगह दूसरे कोच नहीं मिल पाएंगे। हालांकि इसके विकल्प की संभावना से रेलवे अभी इन्कार नहीं कर रहा है।






# गूगल के सहयोग से भारतीय रेलवे की 'रेल धरोहर डिजिटलीकरण परियोजना' का शुभारंभ

## १३ लाख रेल कर्मचारियों की ओर से भारत के १३० करोड़ नागरिकों को उपहार : रेलमंत्री



प.सू.का/नई दिल्ली। रेल एवं कोयला मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए गूगल आर्ट्स एंड कल्चर के सहयोग से भारतीय रेलवे की 'रेल धरोहर डिजिटलीकरण परियोजना'का शुभारंभ किया। यह परियोजना राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों को देश की रेल धरोहरों से रू-ब-रू कराने के उद्देश्य से दुनिया के इस हिस्से में अपनी तरह का प्रथम ऐतिहासिक प्रयास है। इसे 'गाथा बयां करने वाले ऑनलाइन प्लेटफार्म' के जरिए सुलभ कराया जाएगा। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन अश्विनी लोहानी, रेलवे बोर्ड के अन्य सदस्य, गूगल के वाइस प्रेसीडेंट (दक्षिण पूर्व एशिया एवं भारत) राजन आनंदन, गूगल कल्चरल इंस्टीट्यूट के निदेशक अमित सूद, रेलवे बोर्ड के अन्य अधिकारीगण, गूगल के अन्य गणमान्य व्यक्ति, यूनेस्को के अनेक प्रतिनिधि और रेलवे के उत्साही व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर पीयूष गोयल ने कहा,इस अद्भुत पहल के लिए भारतीय रेलवे और गूगल आर्ट्स एंड कल्चर एसोसिएशन को बधाई देता हूं। दो वर्षों से भी अधिक समय तक कड़ी मेहनत, अनुसंधान, अन्वेषण और अमल करने की बदौलत ही यह पहल संभव हो पाई है। यह अक्सर कहा जाता है कि अनगिनत पीढ़ियों की अथक मेहनत से हजार वर्षों में सभ्यता का निर्माण होता है। प्रत्येक पीढ़ी इसमें अपनी विशिष्ट छाप छोड़ जाती है।

गोयल ने कहा कि यह भारतीय रेल और गूगल के बीच इस भागीदारी में वाईफाई सेवाएं भी जुड़ी है, जिसे देश के ४०० से अधिक रेलवे स्टेशनों तक बढ़ा दिया गया है। यह जनसेवा के लिए साझेदारी की क्षमताओं का दर्शाता है। जिन ७११ स्टेशनों में वाई फाई सेवाएं दी गयी हैं वह किसी भी अन्य स्थान पर उपलब्ध वाई फाई सेवाओं से तेज पहुंच वाली है। मैं इस उपलब्धि के लिए गूगल और रेलवे की टीम की तारीफ करता हूं। गोयल ने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर डिजिटलीकरण की यह परियोजना भारत में ही नहीं बल्कि संभवतः समूचे एशिया प्रशांत क्षेत्र की सबसे बड़ी परियोजना है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि साझेदारी का यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा और विश्व में रेलवे की धरोहर को संरक्षित रखने का सबसे बड़ा प्रयास बनेगा।

उन्होंने इस परियोजना को देश की एक अरब तीस करोड़ आबादी के लिए रेलवे के १३ लाख कर्मियों की सौगात बताया। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष अश्विनी लोहानी ने कहा कि गूगल आर्ट एंड कल्चर के साथ साझेदारी के माध्यम से रेवाड़ी स्टीम सेंटर स्थित राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, तीन वर्ल्ड हेरीटेज रेलवे, सीएसएमटी मुंबई भवन समेत देश की रेलवे धरोहर से जुड़े कई अन्य स्थानों का डिजिटलीकरण किया गया है। इस अवसर पर लोहानी ने परियोजना से जुड़े रेलवे कर्मियों को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने कहा कि रेलवे एक जन केंद्रित संगठन है और रेलवे के कर्मचारी इसके नायक है।उनके बल पर ही यह संगठन चल रहा है। दक्षिण पूर्व एशिया और भारत में गूगल के उपाध्यक्ष राजन अनंदन ने कहा कि ४०० रेलवे स्टेशनों पर वाई फाई सेवा उपलब्ध कराने के लिए भारतीय रेल के साथ किए गए सहयोग का उद्देश्य भारतीय रेल की धरोहर को ऑनलाइन उपलब्ध कराना है। गूगल सांस्कृतिक संस्थान के निदेशक अमित सूद ने कहा कि गूगल दुनिया भर में कलात्मक और सांस्कृतिक खजाने को संरक्षित और उसे नवजीवन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना भारतीय रेलवे के निर्माण से उन अहम क्षणों से जुड़ी हैं, जिसकी वजह से भारतीय रेल आज देश की रीढ़ बन चुका है।

**हिन्दी भाषा रेल की भाषा**
**हिन्दी भाषा देश की भाषा**

# राजेश अग्रवाल ने संभाला रेलवे बोर्ड में नये सदस्य (रोलिंग स्टॉक) का पदभार

प.सू.का./नई दिल्ली। राजेश अग्रवाल ने रेलवे बोर्ड में नये सदस्य (रोलिंग स्टॉक) और भारत सरकार के पदेन सचिव का पदभार २८ सितम्बर, २०१८से संभाल लिया। राजेश अग्रवाल भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियर सेवा(आईआरएसएम) के १६८० बैच के अधिकारी हैं। इस नियुक्ति से पहले अग्रवाल रायबरेली स्थित मॉडर्न कोच फैक्ट्री में महाप्रबंधक थे। राजेश अग्रवाल को बदलाव प्रबंधन, परिचालन, विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, इंजीनि. एवं लोक प्रशासन का व्यापक अनुभव है।इन्होंने विश्वि-धरोहर, पर्यावरण, पर्यटन, संस्कृति, संग्रहालय, संरक्षण, सतत् विकास, हितधारक फ्रेमवर्क एवं समुदाय से जुड़े कार्यों में यूनेस्को/ आईकोमॉस के विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। इनकी शैक्षणिक योग्यताओं में



इंजीनियरिंग की तीन विधाओं व मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग, धातुकर्म इंजीनियरिंग की डिग्रियां शामिल हैं। अपने लंबे उल्लेखनीय करियर के दौरान राजेश अग्रवाल ने भारतीय रेलवे में अनेक महत्वपूर्ण कार्यकारी एवं प्रबंधकीय पदों पर काम किया। अग्रवाल ने आठ क्षेत्रीय रेलवे तथा पूर्व रेलवे, उत्तरी फ्रंटियर, उत्तर- पश्चिमी, दक्षिण-पूर्व, दक्षिण पूर्व मध्य, दक्षिणी, पश्चिमी और पश्चिम-मध्य- रेलवे में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। उन्होंने रेलवे बोर्ड, माडर्न कोच फैक्ट्री और क्रिस में भी अपनी सुविधाएं दी हैं। अग्रवाल निदेशक, राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, विभागीय रेलवे प्रबंधक, दक्षिणी रेलवे, उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य् सतर्कता अधिकारी, उत्तरी फ्रंटियर रेलवे, मुख्य यांत्रिक अभियंता, पश्चिमी -मध्य,रेलवे इत्यादि के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अग्रवाल अखिल भारतीय रेलवे विश्वी धरोहर स्थल अभिलेखों तथा दार्जलिंग हिमालयन रेलवे, नीलगिरी माउंटेन रेलवे, कालका शिमला रेलवे और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस के लेखक हैं। राजेश अग्रवाल देश-विदेश में अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़े रहे हैं।

इन्होंने अनेक पुरस्कारों जैसे कि आईई (भारत) ८१, में नायर'८५, जीएम'६५ में गोल्ड मेडल, हिन्दी- बोर्ड के अवार्ड'८८, यूनेस्को बेस्ट प्रोजेक्ट'०७बार्कर इत्यादि से सम्मानित किया गया है।

## किताबों नें मुझे सपने दिए

किताबों से मेरी दोस्ती बहुत पुरानी है, किताबों ने मुझे सपने दिए, सपने मेरे जीवन का मकसद बन गए, मकसदों को हकीकत में ढालने की कुव्वत भी किताबों ने बक्शी, मायूसियों के आलम में किताबों ने हौसला दिया, किताबें मेरे लिए फरिश्ता है, ये मेरे दिल को छूती हैं, मैं अपने नौजवान दोस्तों से कहता हूँ, किताबों से दोस्ती कर लो।

ए.पी.जे अब्दुल कलाम

# इलाहाबाद मंडल में मनाया गया स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

रे.स.ब्यू./सू. इलाहाबाद। भारतीय रेल में स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत अभियान के तहत दिनांक १५.०६.२०१८ से ०२.१०.२०१८ तक "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़ा मनाया गया जिसका शुभारम्भ इलाहाबाद मंडल में दिनांक १४.०६.१८ को डीएसए ग्राउन्ड से इलाहाबाद जं० के प्लेटफार्म न० ०१ तक प्रभात फेरी निकाल कर किया गया जिसमे इलाहाबाद मंडल के अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाडियों, स्काउट एवं गाइड के सदस्यों तथा सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आर्गेनाइजेशन के सदस्यों ने भाग लिया। प्रभात फेरी के माध्यम से यात्रियों को जागरूक किया गया कि ट्रैक पर कूड़ा न फेंकें और न ही इधर उधर कूड़ा फेकें, कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें, इधर उधर ना थूके, थूक दान का प्रयोग करें तथा स्वच्छता को बनाये रखने हेतु शौचालय का उपयोग करें, स्टेशन पर खड़ी गाड़ी में शौचालय का उपयोग ना करें, बायोटॉयलेट में बोतल आदि ना डालें, पानी की खाली बोतल इधर उधर न फेकें डस्टबिन में ही डालें। इलाहाबाद जं पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा अधिकारियो, कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों तथा स्काउट एवं गाइड के सदस्यों तथा यात्रियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई और स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारम्भ किया गया तथा यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु यात्री हाल में आधार शिला संस्था एवं माया एकेडमी ऑफ एडवांस सीनेमिटिक संस्था के सदस्यों द्वरा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। तत्पश्चात् मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा सफाई कर्मियों से संवाद भी किया गया और मंडल रेल प्रबन्धक महोदय एवं अपर मंडल रेल प्रबन्धक महोदय द्वारा यात्री हाल में सघन मशीनीकृत सफाई का शुभारम्भ कर स्वच्छता का सन्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबन्धक अनिल कुमार द्विवेदी, अनुराग कुमार गुप्ता,तथा मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

# विमान,यात्री,और सुरक्षा

जेट एयरवेज की मुंबई से जयपुर जा रही फ्लाइट में विमान चालक दल के सदस्यों की गलती से जिस तरह यात्रियों की जान पर बन आई,उसे मामूली घटना नहीं कहा जा सकता। विमान यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाली यह घटना इसलिए कहीं अधिक गंभीर है, क्योंकि शायद ही कोई चालक दल विमान के अंदर हवा के दबाव को नियंत्रित करने वाला बटन ही दबाना भूल जाए। आखिरी किसी की तो यह जिम्मेदारी रही होगी कि ऐसा किया जाना है,अपनी जिम्मेदारी नहीं समझा गया इसलिए फ्लाइट के दौरान कई यात्रियों के नाक-कान से खून निकलने लगा और हालात ऐसे बने कि विमान को वापस मुंबई हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। उस क्षण की कल्पना करना कठिन है, जब विमान यात्रियों को सांस लेने में परेशानी हो रही थी और फिर भी कोई इस बारे में सूचित करने वाला नहीं था कि ऐसा क्यों हो रहा है और किन कारणों से विमान जहां से रवाना हुआ था, वहीं वापस उतारा जा रहा है। कहीं ऐसा इसलिए तो नहीं हुआ कि चालक दल के सदस्य प्रशिक्षित नहीं थे? जांच में इस पहलू को इसलिए अवश्य शामिल किया जाना चाहिए, हालांकि घटना की जांच के साथ ही उड़ान से सम्बंधित सभी पहलुओं की समीक्षा के भी आदेश दिए गए हैं, लेकिन इसी के साथ यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि सुरक्षा ऑडिट के नाम पर आगे ऐसी स्थिति न होने पाए।

*किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।*

# GOVERNMENT E MARKET PLACE – AWARENESS PROGRAM



**RSB/Chennai:To accelerate the adoption and use of GeM (Government e Marketplace) which is the National Public Procurement Portal for procuring common Goods and Services by all the Central and State Government departments and organisations- Govt. of India has declared a "National Mission on GeM" from 06.09.18 to 17.10.18. As a part of this mission, Southern Railway has organised awareness program "Buy on GeM Abhiyaan" on 25.9.18 at SR Headquarters. Ramesh Mahadevan, GeM Business Facilitator for Tamil Nadu and Puducherry highlighted the various features of GeM and explained the benefits of procuring through GeM. Aditya Sharma, PCCM inaugurated the session and officials from all Departments of Southern Railway participated in the program. Through GeM portal, Southern Railway has placed contracts to the tune of Rs.14.13 Crores till date.**

# ट्रेन में छेड़छाड़ की तो अब हो सकती है तीन वर्ष की जेल

रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। ट्रेनों में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने के लिए दोषीयों को अब तीन वर्ष जेल की सजा हो सकती है, रेलगाड़ियों में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को देखते हुए आरपीएफ ने रेलवे अधिनियम में शामिल करने के लिए कुछ प्रावधानों का प्रस्ताव दिया है। रेलवे सुरक्षा बल के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार रेलवे अधिनियम में शामिल किये जाने के लिए आरपीएफ द्वारा प्रस्तावित नये प्रावधानों में से एक प्रावधान यह भी है। अगर प्रस्ताव मंजूर हो जाता है तो महिलाओं के साथ छेड़छाड को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत दी जाने वाली सजा की तुलना में रेलवे अधिनियम के तहत ज्यादा हो जायेगी।

आईपीसी के तहत अधिकतम एक वर्ष जेल की सजा का प्रावधान है।

# "Man Of The Month" Safety Awards Presented to 12 Employees by Vinod Kumar Yadav, GM/SCR



**RSB/Secunderabad: Vinod Kumar Yadav, General Manager, South Central Railway presented "Man of the Month" safety awards to 12 employees for showing alertness in the duty and taking timely action to prevent unsafe conditions. He conducted a detailed review meeting on Safety Punctuality and Loading of the zone 1st October, 2018 at Rail Nilayam, Secunderabad along with Principle Heads of Departments. Divisional Railway Managers (DRMs) of all the six divisions viz., Vijayawada, Guntakal, Guntur, Secunderabad, Hyderabad and Nanded Divisions participated through video conference. The GM while reviewing the safety aspects of the Zone, called upon all the Zonal and Divisional officials to take advance measures to ensure the safety and prevent unsafe incidences. He also advised that all the Gate men should be counselled, as part of ensuring safety at the Manned and Unmanned Level crossings. Vinod Kumar Yadav reviewed on the aspect of punctuality, instructed the DRMs to keep focus on loco failures and signal failures which are effecting the punctuality and make an action plan to improve the punctuality performance. While discussing on the speed restrictions he instructed the officials to review the position and remove the speed restrictions where ever possible to improve punctuality. He reviewed the loading performance of the zone and indicated several measures to the officials including supply of the empty rakes to the divisions to meet the demands to improve the loading and reaching the target. All the DRMs appraised the issues regarding allocation of funds, station redevelopment works, and infrastructural works and passenger amenities including heightening of platforms, Foot Over Bridges and construction of Divyang Toilets etc. He informed that all the Unmanned Level Crossings over the zone will be eliminated by end October, 2018. John Thomas, Additional GM, M.G.Sekharam, Principal Chief Commercial Manager; Vinay Mohan Shrivastava, PCSTE, Arjun Mundiya, PCME, A.A.Phadke, PCEE, D.K.Singh, Chief Safety Officer; P.K. Sangewar, PCMM, N.V. Ramana Reddy, PCPO Dr. K.H.K.Dora, PCMD, and Ashesh Agrawal, SDGM, SCR were amongst the officials present.**

# उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

रे.स.ब्यू./सू. इलाहाबाद। हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में १४ सितंबर से आयोजित राजभाषा पखवाड़े के अंतर्गत २५ सितंबर को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक महेन्द्र नाथ ओझा ने कहा कि हिंदी को आधुनिक भाषा के रूप में पूरी तरह समर्थ बनाना हम सबका युगीन दायित्व् है। हिंदी सदैव से ही गतिशील एवं ग्रहणशील भाषा रही है।भारत के संविधान में हिंदी को देश की सामासिक संस्कृति की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाने की परिकल्पना की गई है। इस परिकल्पना को साकार बनाने के लिए संविधान में परिगणित सभी भारतीय भाषाओं के शब्दों और अभिव्यक्तियों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य राजभाषा अधिकारी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्याहर्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी चन्द्र भूषण पाण्डेय ने राजभाषा की संवैधानिक एवं विधिक संरचना, राजभाषा अधिकारी यथार्थ पाण्डेय ने प्रेजेंटशन के माध्यम से पत्रों के विभिन्न प्रारूपों तथा राजभाषा अधिकारी पी.के.मिश्रा ने राजभाषा प्रोत्साहन एवं पुरस्कार योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारियां प्रदान की और कर्मचारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे। कार्य्रक्रम का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी चन्द्रं भूषण पाण्डेय द्वारा किया गया।

**किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।**

# दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक




रे.स.ब्यू./सू.दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष २०१८ (जुलाई-सितंबर) की तीसरी बैठक दिनांक १६.०६.१८ को अजय विजयवर्गीय, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में ए. के. दत्त, अपर महाप्रबंधक, संजीव मित्तल, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), सभी विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष, सभी मंडलों के अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं रेल कारखाना, खड़गपुर के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। बैठक का संचालन राजा राम प्रसाद उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने किया। इस बैठक के आरंभ में दक्षिण पूर्व रेलवे के राजभाषा अधिकारी श्रीमती आशा मिश्रा तथा आई टी सेंटर के जूनियर इंजीनियर,आशीष मुखर्जी द्वारा तैयार किया गया राजभाषा वेब पेज का महाप्रबंधक द्वारा उद्घाटन किया गया। इस बैठक में दक्षिण पूर्व रेलवे पर हो रहे राजभाषा कार्यों की समीक्षा की गई। प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी,संजीव मित्तल, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) ने भाषा प्रशिक्षण और आशुलिपि प्रशिक्षण पर विशेष रूप से ध्यान देने पर जोर दिया। रबड़ स्टाम्प का प्रयोग द्विभाषी रूप में करने को कहा। महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि वार्षिक कार्यक्रम में राजभाषा से संबंधित जो लक्ष्य दिए गए हैं, उन्हें अवश्य पूरा किया जाए।उन्होनें हिंदी में अधिक-से-अधिक टिप्पणी और पत्रचार करने पर विशेष जोर दिया। सभी विभागों के बोर्ड द्विभाषी करने का निर्देश दिया। बैठक में मंडलों से आए अधिकारियों ने अपने यहां राजभाषा में हो रहे विशेष कार्यों की जानकारी दी। राजभाषा व्हाट्स ग्रुप की पहल की काफी सराहना की गई। समस्त प्रधान विभागाध्यक्षों/ विभागाध्यक्षों के बीच एक राजभाषा पर आधारित प्रश्नोत्तरी क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें अधिकारियों ने बढ-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का संचालन मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप महाप्रबंधक (रा.भा.) द्वारा किया गया । अंत में श्रीमती आशा मिश्रा, राजभाषा अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक की कार्रवाई संपन्न हुई।

# अब आरा स्टेशन पर भी रुकेगी कुंभ एक्सप्रेस

रे.स.ब्यू./सू. हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा गाड़ी संख्या १२३६९/ १२३७० हावड़ा-हरिद्वार- हावड़ा कुंभ एक्सप्रेस का दिनांक २२ सितम्बर से आरा स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर छः महीनों के लिए दो मिनट का ठहराव दिया जा रहा है। विदित हो कि माननीय बिजली, नवीन, नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सरकार राज कुमार सिंह ने विगत दिनों इस बात का उल्लेख किया था कि कुंभ एक्सप्रेस का ठहराव आरा में भी हो, इसी के आलोक में पूर्व मध्य रेल द्वारा यह निर्णय लिया गया है। २२ सितम्बर, २०१८ से गाड़ी संख्या १२३६९ हावड़ा- हरिद्वार कुंभ एक्सप्रेस २१.३३ बजे आरा पहुंचेगी तथा यहां से २१.३५ बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह १२३७० हरिद्वार-हावड़ा कुंभ एक्सप्रेस १६.२३ बजे आरा पहुंचेगी तथा १६.२५ बजे हावड़ा के लिए प्रस्थान करेगी।

# राहुल गांधी को शिव भक्ति बताना पड़ा महंगा, ५ नेता बर्खास्त

रे.स.ब्यू./सू.इलाहाबाद में कांग्रेस पार्टी के नेताओं को राहुल गांधी को भगवान शिव की तस्वीर देने और उनके सामने हर-हर महादेव और शिव भक्त राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाना महंगा पड़ गया।इस मामले में पार्टी ने ५ नेताओं को बर्खास्त किये जाने का फैसला कर लिया है। वाक्या उस वक्त का है जब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी २८ सितंबर को दिल्ली रवाना होने से पहले चित्रकूट से हेलीकॉप्टर से इलाहाबाद के बम्हरौली एयरपोर्ट पहुंचे थे। जहां कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी से मुलाकात की थी।

# महाप्रबंधक द्वारा दानापुर स्टेशन का निरीक्षण




रे.स.ब्यू./सू.हाजीपुर। महाप्रबंधक/पूर्व मध्य रेलवे द्वारा दिनांक २४.०६.२०१८ को दानापुर स्टेशन का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक रंजन प्रकाश ठाकुर भी उनके साथ उपस्थित थे। महाप्रबंधक महोदय ने दानापुर स्टेशन पर साफ-सफाई का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने दानापुर स्टेशन पर यात्री सुविधा के विकास से संबंधित चल रहे कार्यों एवं मुख्यतः पाटलिपुत्र की ओर जाने वाली गाड़ियों के लिए निर्माणाधीन नये प्लेटफॉर्म का भी निरीक्षण किया। विदित हो कि दानापुर स्टेशन पर गाड़ियों के सुगम परिचालन हेतु रूट रिले इंटरलॉकिंग का कार्य भी किया जाना है।

दानापुर मंडल द्वारा जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में दानापुर कोचिंग डिपों में वाटर रिसाइक्लिंग प्लांट की स्थापना की गयी है। महाप्रबंधक द्वारा इस नवनिर्मित वाटर रिसाइकिलिंग प्लांट का भी निरीक्षण किया गया। इस वाटर रिसाइक्लिंग प्लांट द्वारा प्रतिदिन ०५ लाख लीटर जल का पुनर्शोधन करने की क्षमता है। इस प्लांट द्वारा पुनर्शोधित जल का प्रयोग मुख्य रूप से कोचिंग डिपों में कोचों की साफ-सफाई के लिए किया जायेगा।

महाप्रबंधक महोदय द्वारा इसके उपरांत दानापुर स्टेशन के रनिंग रूम में नवनिर्मित वर्मीकंपोस्ट सेंटर का भी निरीक्षण किया गया। इस वर्मीकंपोस्ट सेंटर द्वारा रनिंग रूम से निकलने वाले प्रतिदिन औसतन ३० किलोग्राम बायो-डिग्रेडेबल कचरा का हाईजेनिक निस्तारण किया जा सकेगा तथा इससे बनने वाले वर्मीकंपोस्ट का उपयोग रनिंग रूम परिसर में ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए किया जायेगा।

रनिंग रूम परिसर में इस वर्मीकंपोस्ट सेंटर के लिए ०३ घनफीट के ०६ पिट बनाये गये है तथा सीधी धूप से बचाने के लिए इसके उपर शेड लगाया गया है।

वर्मीकंपोस्ट बनाने के लिए लाल केचुआ का प्रयोग किया जायेगा तथा लगभग तीन माह में वर्मीकंपोस्ट तैयार होगा।

**हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन**

# संरक्षा पुरस्कारों से सम्मानित हुए उत्तर रेलवे के १० कर्मचारी

रे.स.ब्यू./सू.नई दिल्ली। सतर्कता और त्वरित कार्रवाई दिखाते हुए सम्भावित दुर्घटनाओं को टालने वाले उत्तर रेलवे के सभी पाँच मंडलों के संरक्षा वर्ग के कुल १० कर्मचारियों को उत्तर रेलवे ने प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में संरक्षा पुरस्कार तथा महाप्रबंधक उत्कृष्टता सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबन्धक,राजेश तिवारी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षा अधिकारी, श्रीमती सीमा कुमार तथा अन्य विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे।अपर महाप्रबन्धक द्वारा रेलगाड़ियों के परिचालन में संरक्षा के मद्देनज़र उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किए गए कर्मचारियों में सोनू कुमार/ चाबीवाला/खुड्डा कोराला, फिरोजपुर मण्डल, छोटे लाल/ट्रैक मैन/रजपुरा जंक्शन, अम्बाला मण्डल, शिव प्रसाद / शंटिंग मास्टर/यमुना नगर-जगाधरी, अम्बाला मण्डल,दिलीप कुमार/ गेट मैन/जंघई जंक्शन, लखनऊ मंण्डल,चन्द्रभान पाल/गैंगमेट/ रहमत नगर/ लखनऊ मंण्डल, विमल कुमार जॉनसन/ लोको-पॉयलट/बरेली, मुरादाबाद मण्डल,राम निवास/ स्टेशन मास्टर/बेहटा गोकुल, मुरादाबाद मण्डल,एस.के. हैदर/स्टेशन अधीक्षक/ दलेल नगर, मुरादाबाद मण्डल,संजय कुमार तकनिशियन -१/कैरिज व वैगन/शाहजहांपुर, मुरादाबाद मण्डल और अशोक कुमार सिंह/स्टेशन मास्टर/ मिरानपुर कटरा, मुरादाबाद मण्डल शामिल हैं। अपर महाप्रबन्धक ने सभी रेलकर्मियों के महत्वपूर्ण योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# रात में बंद रहेंगे पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के शौचालय

### शौचालय साफ रखने को रेल प्रशासन का तुगलकी फरमान




रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। रात के समय आप यदि पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से सफर करते हैं तो आपको परेशान होना पड़ सकता है। इसका कारण है रेल प्रशासन का तुगलकी फरमान। सफाई के नाम पर ए-१ श्रेणी के पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के सभी शौचालयों को रात में बंद करने का फैसला किया है। स्वच्छता श्रेणी में पिछड़ जाने कि वजह से इस स्टेशन पर सफाई-व्यवस्था को सुधारने के बजाय शौचालय को बंद करने से यात्रियों में रोष है।


वहीं रेलवे अधिकारियों का तर्क है कि शौचालयों की सफाई के लिए यह कदम उठाया गया है क्योंकि रात में पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से ट्रेनें नहीं हैं, इसलिए किसी को दिक्कत नहीं है। पुरानी दिल्ली राजधानी का सबसे पुराना रेलवे स्टेशन है। यहां से रोजाना करीब २०० रेलगाड़ियों का संचालन होता है। पिछले दिनों स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रेलमंत्री पीयूष गोयल ने इस स्टेशन का दौरा किया था जहां उन्होंने स्टेशन पर फैली गंदगी देखकर नाराजगी भी जताई और उन्होंने स्टेशन निदेशक को फटकार भी लगाई थी।

इसके बाद ही निदेशक ने स्टेशन को साफ रखने का नया तरीका निकाल लिया। उन्होंने रात के समय शौचालय को बंद करने का निर्णय ले लिया। फरमान पर तत्काल अमल शुरू हो गया और २४ सितंबर को इस स्टेशन पर हुई कार्य योजना बैठक में स्टेशन पर बने सभी पांच शौचालयों को रात ११ से सुबह ६ बजे तक बंद करने का फैसला लिया गया। दूसरी ओर दिल्ली के मंडल रेल प्रबंधक आरएन सिंह का कहना है कि सिर्फ बीती रात १२ बजे से सुबह चार बजे तक सफाई के लिए शौचालय बंद किया गया था।

**हिन्दी भाषा रेल की भाषा**
**हिन्दी भाषा देश की भाषा**

# भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों ने की मुख्यमंत्री से भेंट

रे.स.ब्यू./संवा. लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शास्त्री भवन में दिनांक २०.०६.२०१८ को भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों से भेंट की। उत्तर प्रदेश से सम्बद्ध विदेश सेवा के यह अधिकारी एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत यहां आए थे। भेंट के दौरान अधिकारियों ने विदेशों में उत्तर प्रदेश के प्रमोशन की इच्छा जताते हुए अपने सुझाव दिए तथा इस सम्बन्ध में राज्य सरकार के सहयोग का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेश सेवा के इन अधिकारियों को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों तथा विशिष्टताओं के सम्बन्ध में उपलब्ध कॉफी टेबल बुक, अन्य साहित्य, प्रचार सामग्री आदि उपलब्ध करायी जाए।



साथ ही, उन्होने सभी भारतीय दूतावासों में प्रदेश के प्रचार-प्रसार से सम्बन्धित सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के समग्र विकास के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था में २ अत्यधिक सुधार हुआ है, जिससे उत्तर प्रदेश निवेश के सबसे अच्छे गंतव्य के रूप में उभरकर सामने आया है।यू०पी० इन्वेस्टर्स समिट-२०१८की सफलता, डिफेन्स कॉरीडोर,ओ० डी०ओ० पी० योजना, स्वच्छ भारत मिशन में प्रदेश की उपलब्धियों आदि का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश तीव्र औद्योगिक विकास के रास्ते पर चल पड़ा है।

राज्य सरकार इन आयोजनों के माध्यम से देश-विदेश में उत्तर प्रदेश की विशिष्ट छवि प्रस्तुत करने के लिए प्रयत्नशील है। कुम्भ धार्मिक आयोजन के साथ ही भारत की एकात्मकता तथा विश्व बन्धुत्व की भावना का प्रतीक है।

प्रयाग कुम्भ-२०१६ में सभी देशों के राजदूतों/उच्चायुक्तों को आमंत्रित किया जाएगा।

# रेलयात्रियों की सुविधा हेतु रेलगाड़ियों का अतिरिक्त ठहराव

रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने निम्नलिखित रेलगाड़ियों को छः महीने की प्रयोगात्मक अवधि के लिए निम्नानुसार ठहराव प्रदान करने का निर्णय किया है:-

रेलगाड़ी संख्या १५५५६ दरभंगा-अहमदाबाद साप्ताहिक जनसाधारण एक्सप्रेस रात्रि ०६.३८ बजे जबकि इसकी वापसी सेवा १५५६० अहमदाबाद-दरभंगा साप्ताहिक जनसाधारण एक्सप्रेस सुबह ०७.४१ बजे बुरहानपुर स्टेशन पर एक-एक मिनट के लिए ठहरेंगी। बुरहानपुर स्टेशन पर यह ठहराव दिनांक २६.०६.२०१८ से छः माह की अवधि के लिए प्रदान किया गया है। रेलगाड़ी संख्या ११०६३ छत्रपति शिवाजी टर्मिनस मुम्बई-वाराणसी महानगरी एक्सप्रेस दोपहर ०३.२३ बजे जबकि इसकी वापसी सेवा रेलगाड़ी संख्या ११०६४ वाराणसी-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस मुम्बई महानगरी एक्सप्रेस रात्रि १०.०४ बजे श्रीधाम स्टेशन पर दो-दो मिनट के लिए ठहरेगी। यह ठहराव तत्काल प्रभाव से छः माह की अवधि के लिए प्रदान किया गया है ।

# समस्तीपुर मंडल में बायो-डीजल के साथ लोकोमोटिव का फील्ड परीक्षण

रे.स.ब्यू./सू. हाजीपुर। भारतीय रेल में पहली बार समस्तीपुर मंडल में बी-२५ बायो डीजल आधारित लोकोमोटिव का फील्ड परीक्षण समस्तीपुर में किया गया। इस परीक्षण के लिए लोको संख्या १६६५५/ WDM3A में २५ प्रतिशत बायो-डीजल मिश्रित किया गया। दिनांक १८.०६.२०१८को यह परीक्षण गाड़ी संख्या ५५५१३ समस्तीपुर-जयनगर सवारी गाड़ी के साथ किया गया जिसे पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।आई.आर.ओ.ए.एफ,नई दिल्ली एवं आर.डी.एस.ओ,लखनऊ द्वारा अधिकृत एवं स्वीकृत यह परीक्षण समस्तीपुर डीजल लोको शेड की गहन निगरानी में किया गया। बायो-डीजल प्राकृतिक उत्पाद है और इसमें न्यूनतम कार्बन का उत्सर्जन होता है तथा हाई-स्पीड डीजल की तुलना में लागत भी काफी कम आती है। स्वच्छ भारत की ओर कदम बढ़ाते हुए 'स्वच्छता पखवाड़ा' के दौरान बायो-डीजल का प्रयोग करना समस्तीपुर मंडल द्वारा पर्यावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण योदान कहा जा सकता है।बायो-डीजल कुछ पौधों विशेषकर जट्रोफा से बनता है। पौधों के उपयोगी हिस्सों को जब कम्प्रेस किया जाता है तो वे भी एक क्रूट ऑयल में बदल जाते हैं। उस क्रूड आयल से भी कई तरह के एनर्जी देने वाले पदार्थ बनाये जाते हैं जिसमें से बायो डीजल एक है। बायो डीजल के कई फायदे हैं। पर्यावरण अनुकूल बायो डीजल प्रदुषण कम करता है एवं इंजन कम कंपन करता है,।

# मित्रता का पौधा

मित्रता एक ऐस पौधा है,
जो विश्वास की भूमि में बढ़ता है।
समझदारी की सूर्य की किरणों में,
उसे समेटता हुआ बेल की भांति चढ़ता है।
आदर-सम्मान और आत्म-विश्वास रूपी
खाद-पानी खुशियों की बाढ़ लाता है।
पर अभिमान और नफरत रूपी बीज,
मित्रता में घनघोर बाधा डालता है।
संदेह, अविश्वास, द्वेष, प्रेम व प्यार का अभाव,
जैसे पौधे की अनदेशी इसे कमजोर कर देता है।
सूखा और बाढ़ रूपी हिंसा व संघर्ष,
इस पौधे का जला देता है।
जाति व धर्म मित्रता रूपी,
पौधे के लिये प्रदूषण और शोषण है।
जो बंधुत्व, एकता, राष्ट्रीयता की,
भावना के पौधे को शुष्क कर देता है।
प्रेम, ईमानदारी, त्याग और समर्पण,
मित्रता के पौधे को सुदृढ़ व मजबूत बनाता है।

-बलराम प्रसाद शास्त्री

# उत्तर रेलवे द्वारा पेंशन अदालत का आयोजन

रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। सेवानिवृत रेल कर्मचारियों की पेंशन सम्बन्धियों विसंगतियों को दूर करने के लिए उत्तर रेलवे पर दिनांक १८.०६.२०१८ को पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। उत्तर रेलवे पर कुल ७८२ शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से ६७६ का निपटारा संतोषजनक ढंग से कर दिया गया। १०६ शिकायतें अभी प्रक्रियाधीन हैं जिनका निपटारा शीघ्र ही कर दिया जायेगा। प्र.मु.का.अधि,श्रीमती कुसुम सिंह और उत्तर रेलवे के प्र. वि. सला.श्रीमती शर्मिला चावली ने पेंशन अदालत के मामलों को सुना और उनका समाधान किया।

# अध्यक्ष रेलवे बोर्ड द्वारा भारतीय रेल की संरक्षा कार्य निष्पादन समीक्षा बैठक

रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष अश्वनी लोहानी ने दिनांक २६.०६.२०१८ को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समूचे भारतीय रेलवे की 'संरक्षा' से जुड़ी कार्य- निष्पादन समीक्षा हेतु एक विस्तृत बैठक आयोजित की।इस बैठक में रेलवे बोर्ड के सभी सदस्यों,सभी क्षेत्रीय रेलों के महाप्रबंधकों तथा कोंकण रेलवे के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक उपस्थित थे।लोहानी ने बताया कि संरक्षा पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने एवं संरक्षा से संबंधित संरचनात्मक अपग्रेडेशन इत्यादि के कार्यों पर फोकस रखने के कारण पिछले १२ महीनों में (०१.०६.२०१७ से ३१.०८.२०१८) के दौरान भारतीय रेल पर संरक्षा निष्पादन में उल्लेखनीय सुधार आया है। इस १२ माह की अवधि के दौरान इससे पहले की संगत अवधि की तुलना में अनुवर्ती दुर्घटनाओं की संख्या में भारी कमी आई है। यह संख्या ८० की तुलना में ७५ रही। इसी प्रकार गंभीर रेल दुर्घटनाओं के कारण हताहत होने वालों की संख्या २४६ की तुलना में ४० रही और चोटग्रस्त हुए व्यक्तियों की संख्या ५१३ की तुलना में घटकर ५७ रही। इस संबंध में किए जा रहे प्रशंसनीय कार्यों की सराहना करते हुए लोहानी ने बताया कि भारतीय रेलवे पर संरक्षा सर्वोपरि हैं।उन्होंने सभी जोनल रेलों को संरक्षा के सभी मानकों का पालन करते हुए तय समय सीमा में संबंधित बुनियादी ढांचे से जुड़े अलग अलग कार्यों जैसे ट्रैक नवीनीकरण, व्यस्त सेक्शनों के दोहरीकरण, वर्तमान रेल लाइनों पर रेल यातायात का दबाव करने हेतु नई लाइनों के बिछाने, ग्रामीण अंचलों तक रेल मार्गो का विस्तार करने, व्यस्त रेलरोड इंटरसेक्शनों पर रोड ओवर ब्रिज रोड/अंडर ब्रिज इत्यादि का निर्माण कार्य, निर्धारित समय सीमा में मानव रहित रेलवे क्रासिंग समाप्त करने आदि जैसे सभी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर कार्य प्रदर्शन में और सुधार करने के निर्देश भी दिए।



अध्यक्ष रेलवे बोर्ड ने सभी क्षेत्रीय रेलों को आश्वासन दिया कि इस संबंध में उन्हें हर प्रकार की तकनीकी, मेटेरियल और फंड्स से जुड़ी प्रत्येक सहायता प्रदान की जाएगी।

**हमारे ग्राहक**

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।"

महात्मा गांधी

# सफ़र में हो परेशान तो टोल फ्री नंबरों का करें इस्तेमाल

रे.स.ब्यू./संवा.इलाहाबाद। सफर के दौरान आने वाली समस्याओं का समुचित तथा फ़ौरन निपटान के लिए रेलवे ने टोल फ्री नंबर जारी किए हैं। १३८ टोल फ्री नंबर यात्रियों की विभिन्न प्रकार की दिक्कतों जैसे कि कोच में पानी न होना, उसमें समुचित प्रकाश (लाइट) व्यवस्था का ना होना, कोच में समुचित सफाई ना होना, खाने की गुणवत्ता का अभाव या लिनेन (बेडशीट) की उचित व्यवस्था का अभाव, उपरोक्त सभी प्रकार की समस्याओं के लिए टोल फ्री नंबर १३८ मौजूद है।

इसके ज़रिए यात्री मंडल के कन्ट्रोल ऑफिस से सीधे संपर्क कर सकते हैं। नियंत्रक कार्यालय (कन्ट्रोल ऑफिस ) द्वारा इन परेशानियों पर तुरंत कार्यवाही की जाती है।

१३८ नम्बर,पी.एन.आर. से संबंधित इंक्वायरी के लिए नहीं है उसके १३६ नंबर अलग से मौजूद है। इसी तरह यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए १८२ टोल फ्री नंबर जारी किया गया है।

यात्रा के दौरान होने वाली अभद्रता, मार पीट, गाली गलौज, हिंसा या इस तरह की संभावना होने पर यात्री इसका प्रयोग कर सकते है। इस पर प्राप्त सूचना (शिकायत) के आधार रेलवे पुलिस द्वारा तुरंत कार्यवाही की जाती है।

अक्सर यह देखा गया है कि यात्री इन टोल फ्री नंबर का प्रयोग करने की बजाय सीधे रेल अधिकारियों के नंबर पर कॉल करते हैं। वैसा करने पर परेशानियों के निपटाने में अनावश्यक देरी होती है, क्योंकि अधिकारियों द्वारा पुनः कन्ट्रोल ऑफिस को ही सूचित किया जाता है।

हिन्दी का काम राष्ट्रभाषा का ही काम नहीं बल्कि राष्ट्रीयता का काम और राष्ट्रीय एकता का काम है।
डॉ. शकर दयाल शर्मा
भू० पू० भारत के राष्ट्रपति

With Best Compliments from

**Swastik PiPE LTD**

Mfrs.& Exporters of : GALVANISED & BLACK STEEL PIPES & TUBES, HOLLOW SECTIONS, CR COILS & STRIPS

(A GOVT. RECOGNISED STAR EXPORT HOUSE)

Regd. Office: 4, CENTRAL MARKET, PUNJABI BAGH (W), NEW DELHI-110026

Phone: +91-11-47471717, Fax: +91-11-47471718

Email: info@swastikpipes.com
Website:www.swastikpipes.com

# नाराजगी छोड़ चुनाव में जुटें कार्यकर्ताः केशव प्रसाद मौर्य

रे.स.ब्यू./सू. सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित लोकसभा चुनाव संचारण समिति की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेश के कार्यकर्ताओं से कहा कि नाराज़गी छोड़ सभी कार्यकर्ता चुनाव में जुट जायें।मौर्य अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत हेलिकॉप्टर से पुलिस लाइन में उतरे और वहां औपचारिक सम्मान के बाद सीधे कार्यक्रम स्थल पहुंचे, जहां उन्हें सांसद और विधायकों द्वारा अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह तथा बुकें देकर सम्मानित किया गया।

# बम्हरौली एयरपोर्ट का रेल ओवरब्रिज होगा १.७७ किमी

रे.स.ब्यू./संवा.इलाहाबाद। बम्हरौली एयरपोर्ट की दूरी को कम करने के उद्देश्य से सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन और जीटी रोड को जोड़ने वाले रेल ओवरब्रिज (आरओबी) के प्रस्ताव का खाका तैयार कर लिया गया है। कोर्ट के निर्देश पर संबंधित विभागों के आला अधिकारियों ने बैठक कर प्रस्ताव को अंतिम रूप दे दिया। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष जिलाधिकारी सुहास एलवाई, रेलवे और वायुसेना के अधिकारियों ने उपस्थित होकर इसकी जानकारी दी। आरओबी की लंबाई १.७७ किलोमीटर तय की गई है। जिलाधिकारी ने कोर्ट को बताया कि आरओबी की लंबाई १.७७ किलोमीटर की होगी और इसके बन जाने से एयरपोर्ट पहुंचने के लिए ५० मिनट का दूरी १५ मिनट में तय कर लिया जाएगी।इसकी विस्तृत कार्ययोजना जल्दी ही तैयार कर ली जाएगी।

# फ्लाईओवर के उद्घाटन को पुलिस से भिड़े सपा सांसद

रे.स.ब्यू./सू.इलाहाबाद। सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह, विधायक उज्ज्वल रमण सिंह को नवनिर्मित रामपुर-करछना फ्लाई ओवर का उद्घाटन करने के लिए जाते वक्त रविवार को पुलिस ने रामपुर तिराहे के पास रोक दिया। सपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस कर्मियों से खींचतान एवं धक्का मुक्की की और बैरीकेडिंग तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया। हंगामे के बाद कुं. रेवती रमण व उज्जवल रमण समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी भी दी, जिनको बाद में छोड़ दिया गया। उसके बाद कई सपाइयों ने गिरफ्तारी दी, बाद में सभी को छोड़ दिया गया। मौके पर एडीएम जीएल मिश्रा, उपजिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, सीओ करछना रत्नेश सिंह,नैनी, औद्योगिक क्षेत्र, करछना,मेजा की पुलिस फोर्स व एक कंपनी पीएसी अलर्ट मोड पर रही।

# REL ORGANIZED 2-DAYS SEMINAR ON 'EMI-EMC AND LIGHTENING & SURGE PROTECTION'



RSB/Delhi: A 2-days Seminar on 'EMI-EMC and Lightening & Surge Protection' organized by RailTel Enterprises Ltd., subsidiary of RailTel Corporation of India Ltd., Ministry of Railways was inaugurated on 28-9-18. The seminar is being attended by Senior Officers of S&T Dept. of Zonal Railways, Railway PSUs, RDSO and experts from Industry and International Electro Technical Commission (IEC), the Standards Organization on EMI & EMC. Delivering the keynote address, H.K. Agrawal, AM/Tele/RB and CMD / RailTel observed that in the new era of large scale deployment of electronic equipment in S&T Systems viz., Electronic Interlocking, Axle Counters, AFTCs, Integrated Power Systems, SDH & DWDM OFC Equipment, Electro Magnetic Interference (EMI) and Electromagnetic Compatibility (EMC) are challenging issues related to reliability. The seminar would provide the platform for a detailed technical study of these issues, sharing of field experiences and identification of solutions. N. Kashinath, DG (S&T)/RB and Chief Guest of the event highlighted the need to standardize the installation practices in addition to refining the specifications. He has also observed that there is an urgent need to set-up Testing Facilities for the SPDs in view of large scale deployment of the same, not only in Railway Systems, but also in the Telecom Sector . Arun Saksena, Adviser, RailTel and Fellow IRSE who chaired the panel for the Technical Sessions stressed the need for conceptual grasp of the challenges, careful study at the field level and designing site-wise solutions as 'fit-all' prescription is not possible in this critical area. Case Studies and solutions were presented by Zonal Railways, RailTel Enterprises and Industry viz., M/s CAPE, DEHN, PHOENX, JMV, ZOTOP etc. RDSO Team summarized the proceedings.The seminar was followed by equipment demo by OEMs.

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र

२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र

३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र

४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक

रेल समाचार ब्यूरो

**अपने शुभचिंतकों को घर पर ही विदा करें प्लेटफार्म पर नहीं**

# इलाहाबाद मंडल में संरक्षा पुरस्कार का आयोजन

रे.स.ब्यू./संवा. इलाहाबाद मंडल में मंडल रेल प्रबंधक इलाहाबाद अमिताभ द्वारा दिनांक २६.०६.२०१८ को मंडल के कर्मचरियों को रेल संचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने संरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले १६ कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जिसमें स्टेशन अधीक्षक, प्वाइंट्स मेन, लोको पायलट, सहायक लोको पायलट व आरपीएफ के कर्मचारी शामिल रहे। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, इनामुल हक तथा वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी वी.के. गौतम, वरिष्ठ मंडल इंजिनियर अतुल गुप्ता, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक मनू प्रकाश दुबे, वरिष्ठ मंडल दूर व संचार इंजिनियर नीरज यादव, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर अजीत सिंह तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थति रहे ।

# उत्कृष्ट सेवा के लिए रेल सुरक्षा विशेष बल के ४१ जवानों को मेडल



रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली।रेल सुरक्षा बल के महानिदेशक, धर्मेन्द्र कुमार ने दिनांक २८.०६.२०१८. दयाबस्ती, नई दिल्ली में रेल सुरक्षा विशेष बल की छठी वाहिनी के मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में ४१ अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए मेडल प्रदान किए। इस कार्यक्रम में रेल सुरक्षा विशेष बल की मुख्य सुरक्षा आयुक्त एवं प्रमुख महानिरीक्षक श्रीमती जया वर्मा भी उपस्थित थीं। महानिदेशक, रेल सुरक्षा बल को उनके आगमन पर गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र कुमार ने अपने सम्बोधन में पिछले एक वर्ष में किए गये सभी आधुनिकीकरण एवं बल कर्मियों के कल्याण सम्बन्धित कार्यो में मिली सफलताओं के लिए रेलवे बोर्ड एवं रेलवे जोन के अधिकारियो व बल सदस्यों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा यात्री सुरक्षा हेल्प लाइन १८२ को अपग्रेड किया जा रहा है जिससे वह यात्रियों को और अधिक तीव्रता के साथ सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम हो सके। इसके अतिरिक्त रेल सुरक्षा एप को हेल्प लाइन १८२ से जोड़ा जा रहा है। वर्ष २०१८ को महिला सुरक्षा वर्ष घोषित किया गया है जिसमे महिला सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता देते हुए एक विशेष कार्य योजना लागू की गई है।महानिदेशक ने बताया कि रेल सुरक्षा बल ने पिछले २ वर्षो में ११३५४ यात्रियों के १६.०४ करोड़ मूल्य के खोये हुए सामान को बरामद कर यात्रियों के सुपर्द किया गया।रेल सुरक्षा बल में रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया शुरू की गयी है। उपस्थित जवानों का उत्साह बढ़ाते हुए महानिदेशक ने कहा कि सुरक्षा बल को अपने आदर्श वाक्य यशो लभस्व अर्थात "यश को प्राप्त करो" के अक्षर पालन हेतु निरन्तर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

# Hindi Hasya Kavi Sammelan held at Railnilayam, Secunderabad

RSB(ALD)/Secunderabad Division, South Central Railway organized Rajbhasha (Hindi) Hasya Kavi Sammelan as part of Rajbhasha Saptah Samaroh-2018 at Rail Nilayam Auditorium, Secunderabad on 19th September, 2018. D.A. Subramanyam, ADRM (Infra), Secunderabad Division was the Chief Guest. Shailendra Singh, ADRM (Operations) and K. Balasubrahmanyam, Addl.DRM (General) were also attended as Guests of honor. Officials and staff were also participated in large gathering. Rajendra Mouria, famous poet from Bilaspur recited his poems on various subjects and enthralled the audience. A. K. Singh, Secretary (Pubic Grievances), Vikram Gupta, Dy. Chief Engineer, L.K.Pande, Amandeep Kapoor, Dr. Anurag Mathur, ACMS, Nanded, Ram Pavitra Singh and M. Yosuf participated in the program and presented their literary works to entertain the audience on the occasion. Poetry on nature, love, green environment and work culture etc captivated the audience during the entire the program. Later, about 375 Railway staff and 40 officials were awarded for their outstanding work in implementation of Rajbhasha during their course of discharging the duty. A.K. Mandal, Sr. Rajbhasha Adhikari presented the annual report on implementation of Rajbhasha.

# यू.पी.में आईपीएस समेत पीपीएस अफसरों के तबादले

रे.स.ब्यू./सू.लखनऊ उत्तर प्रदेश शासन ने बृहस्पतिवार दिनांक २७.०६.२०१८ को १३-१३ आईपीएस और पीपीएस अधिकारियों के तबादले किये, जिसमे आईपीएस अधिकारियों में डीजी रैंक के तीन और एडीजी रैंक के ५ अफसर शामिल हैं।वहीं गोरखपुर के आईजी नीलाब्जा चौधरी पर मुख्यमंत्री की नाराजगी की गाज गिरी है।जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है उसमें तकनीकी सेवाओं के डीजी महेंद्र मोदी को डीजी विशेष जांच बनाया गया है। विश्वजीत महापात्र को डीजी फायर सर्विसेज बनाया गया है। विशेष जांच में तैनात जीएल मीणा को डीजी होमगार्ड की जिम्मेदारी दी गई है। डीजीपी ऑफिस में एडीजी क्राइम के पद पर तैनात संजय सिंघल को एडीजी रेलवे बनाया गया है।

# प्रत्येक जिले में खोला जाएगा डीसीबीओ-संतोष गंगवार



प.सू.का/नई दिल्ली। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संतोष कुमार गंगवार नई दिल्ली में बसाईदरपुर में ईएसआईसी मॉडल अस्पताल और स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमएसआर) में आयोजित स्वास्थ्य ही सेवा अभियान में शामिल हुए।गंगवार ने बताया कि २६ जिलों में औषधालय सह शाखा कार्यालय (डीसीबीओ) खोले जा रहे है। धीरे-धीरे इसका पूरे देश में विस्तार किया जाएगा।केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री गंगवार ने कहा कि भारत सरकार के उमंग प्लेटफॉर्म पर ईएसआईसी का "चिंता से मुक्ति"मोबाइल एप्प उपलब्ध है। इस एप्प की मदद से बीमित व्यक्ति अपने योगदान का विवरण, व्यक्तिगत वर्णन, दावा स्थिति और लाभ की पात्रता के बारे में जान सकता है। इस एप्प के जरिए शिकायतें भी दर्ज कराई जा सकती है। इसके अलावा इस एप्प से बीमित व्यक्ति स्वास्थ्य और ईएसआईसी योजना के तहत लाभों की दृश्यश्रव्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।गंगवार ने कहा कि सफाई देवभक्ति है और उन्होंने बीमारियों से बचने के लिए सफाई के महत्व पर जोर दिया। गंगवार ने इस अवसर पर पौधे लगाएं और ईएसआईसी अस्पताल का दौरा कर वहां चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

## एक साल में रिक्तियों से रेलवे को मिले नौ अरब रूपये

रे.स.ब्यू./संवा. इलाहाबाद। यदि आप समझते है कि रेलवे की कमाई का जरिया यात्री और मालभाड़ा ही है तो आप गलत है। रिक्तियों के लिए आवेदन भरने के लिए अभ्यर्थियों से जो शुल्क लिया जाता है उससे होने वाली कमाई भी कम नहीं है। २०१७-१८ को ही लें तो इस एक साल में रेलवे ने बेरोजगारों से फॉर्म भरवाकर आठ अरब ८६ करोड़ ८५ लाख ४६ हजार रूपये कमाएं।आरटीआई एक्टिविस्ट मिंटू प्रसाद जायसवाल ने सूचना के अधिकार के तहत रेलवे से कई बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। जैसे खाने की क्वालिटी में सुधार पर कितना खर्च हुआ। प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री से कितने राजस्व की प्राप्ति हुई। इनमें मुख्य था २०१४ से अब तक कितनी रिक्तियां निकाली गई। उनसे आवेदन शुल्क के रूप में कितना राजस्व मिला। इसमें से सिर्फ रिक्तियों के लिए भरे गए आवेदन के साथ जमा शुल्क की राशि की जानकारी दी गई है।


**Heartline**

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

**हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल**

14/18, एलिगन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे में दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉप्लर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतिहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की पारिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेसमेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध


## कुंभ में श्रद्धालुओं को मिलेगी हेलीकॉप्टर और ५,००० कॉटेज की सुविधा

रे.स.ब्यू./संवा.। इलाहाबाद में अगले वर्ष लगने वाले कुंभ मेले को लेकर सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कुंभ के दौरान इस बार देश एवं विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को हेलीकॉप्टर की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी और साथ में पूरे कुंभ क्षेत्र में टेंट सिटी विकसित की जाएगी जिसमें ५,००० कॉटेज होंगे। पर्यटन विभाग के सूत्रों के अनुसार, केंद्र एवं प्रदेश सरकार पिछले डेढ़ साल से कुंभ की तैयारियों में लगी हुई है। वहीं कुंभ का आकर्षण इस बार भी अखाड़ों का स्नान व शाही सवारी होंगी।

कुंभ के दौरान देशभर के कलाकार यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगे।इसके लिए छह अलग-अलग केंद्र बनाए जाएंगे। शहर का नवीनीकरण, चौड़ीकरण किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश की पर्यटन मंत्री रीता बहुगुणा जोशी के मुताबिक,"कुंभ के दौरान ५,००० कॉटेज बनाए जाएंगे, जिसमें १,२०० स्विस कॉटेज होंगे। इनमें डीलक्स, सुपर डीलक्स श्रेणी के होंगे। ताकी बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को कोई कठिनाई ना हो।


The Only Institute in Alld. Having Results Since 1984

**BANK P. O.** | **CLAT**

SSC • M.B.A. • CAT, MAT • NTSE • GD & INTERVIEWS

LAW ENTRANCES ALLD. UNIVERSITY B.H.U., D.U. JAMIA MILLIA ETC.

FOR SURE SUCCESS

PBT HOPES COME TRUE WITH US

**PIONEER Law & Banking Tutorials**

Colonelganj, Allahabad
M.: 9839065783 Ph.: 0532-2460610


### पाठक ध्यान दें

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्टि व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मियों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।


सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७९३९५६०४४ ९६५१८०४७८८, ९६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०


### अगला अंक दुर्गापूजा/दशहरा विशेषांक होगा

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा


॥ जय चित्रांश ॥ ॥ श्री चित्रगुप्ताय नमः ॥ ॥ जय चित्रांश ॥

के. पी. ट्रस्ट ही नहीं.....
अपने कायस्थ परिवार के विकास के लिए



नयी सोच के साथ... नया चेहरा
अध्यक्ष पद हेतु
कर्मठशील प्रत्याशी
डा. सुशील कुमार सिन्हा
निदेशक – द्वारका अस्पताल


### सभी जेड.आर.यू.सी.सी/डी.आर.यू.सी.सी. सदस्यों को नामित होने पर हार्दिक बधाई

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजन की क पा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. ९७९३९५६०४४

### संरक्षा नियमों का उल्लंघन दुर्घटना का आमंत्रण है।

*Railway Passengers Safety & Amenities Association*

*Aim of the Society is to serve the Railway Passengers*

Camp Office: House No. 8439, Arya Nagar
Paharganj, New Delhi-55
(M) 9793956044,8826765066
E-mail:railsamacharbureau@rediffmail.com
Vice Chairman
Gyanendra Kumar Srivastava

Regd. Office : 502, Panchshila Bhawan,
Triveni Road, Kydganj Allahabad-211003
Ph. : 0532-2418040
(M) 9793956044, 9651804788
Office Secy. :
S. Katar, Mrs. Kiran

*उक्त संगठन में आप भी सदस्य होकर रेल यात्रियों की सेवा कर सकते हैं। शीघ्र मिले या पत्र व्यवहार करें।*